प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. राज्य मंत्रिमंडल ने बिहार हेली–टूरिज्म और एयर–टूरिज्म सेवा योजना को मंजूरी दी। पटना, राजगीर, मां मुंडेश्वरी और वाल्मीकिनगर भ्रमण के लिए उपलब्ध होगी हवाई सेवा।

02 मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – केंद्र सरकार के सहयोग से मनरेगा की सभी लंबित राशि का भुगतान तीस जून से पहले सुनिश्चित कर दिया जायेगा।

03. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पटना जिले के नौबतपुर में खेत बचाओ अभियान का किया शुभारंभ।

04. और, मद्य निषेध, कारा और परिवहन विभाग में सिपाही तथा कक्षपाल की नियुक्ति के लिए आयोजित परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न।

**अब समाचार विस्तार से.........**

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राज्य मंत्रिमंडल ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बिहार हेली–टूरिज्म और एयर–टूरिज्म सेवा योजना, दो हजार छब्बीस को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। इस योजना के तहत मां मुंडेश्वरी, राजगीर, वाल्मीकिनगर और पटना के विभिन्न पर्यटक स्थलों पर सैलानियों को घूमने के लिए हवाई सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने हाल ही में लोगों के लिए प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर आगामी पन्द्रह जुलाई से हवाई सेवा के माध्यम से भ्रमण कराने की घोषणा की थी।

मंत्रिमंडल ने एक अन्य फैसले में बिहार नागरिक सुरक्षा क्षेत्रीय आशुलिपिक संवर्ग नियमावली–दो हजार छब्बीस का गठन करने को भी स्वीकृति प्रदान की है। इसके तहत आशुलिपिक के पद पर सीधी भर्ती के लिए न्यूनतम उम्र सीमा इक्कीस वर्ष के स्थान पर अठारह वर्ष हो जाएगी। साथ ही इस पद के लिए परिवीक्षा अवधि दो वर्ष के स्थान पर एक वर्ष हो जाएगी। कैबिनेट ने कुल उनतीस एजेंडों को स्वीकृति दी है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि केंद्र सरकार के सहयोग से मनरेगा की सभी लंबित राशि का भुगतान तीस जून से पहले सुनिश्चित कर दिया जायेगा। श्री चौधरी ने पटना के फुलवारीशरीफ के नदीयावां में प्रखंड सहयोग सह जनकल्याण शिविर में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस संबंध में आश्वासन दिया है।

––साउंड बाइट––

इस अवसर पर श्री चौधरी ने कहा कि शीघ्र ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों भागलपुर में विक्रमशिला विश्वविद्यालय का शिलान्यास करवाया जायेगा। उन्होंने कहा कि कोईलवर से भागलपुर तक सत्रह हजार करोड़ रूपये की लागत से तिरासी किलोमीटर लंबे गंगा पाथ–वे का निर्माण कराया जायेगा। श्री चौधरी ने राजधानी पटना में विकसित होने वाले नये टाउनशिप का नाम पाटलिपुत्र करने की भी घोषणा की।

––साउंड बाइट––

इस दौरान मुख्यमंत्री ने शिविर में पहुंचे लोगों की शिकायते सुनीं और उनके समाधान के अधिकारियों को निर्देश दिये। समारोह में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज पटना जिले के नौबतपुर स्थित बीज गुणन प्रक्षेत्र में खेत बचाओ अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद थे। इस अवसर पर श्री चौहान ने किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना।

इस मौके पर किसान कृष्ण कुमार ने केंद्र सरकार की किसानों से सीधे संवाद के पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम है।

––साउंड बाइट––

एक अन्य कार्यक्रम में श्री चौहान ने कहा कि बिहार में कृषि के लिए एकीकृत कृषि प्रणाली बनाई जाएगी। पटना में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि छोटे किसानों की संख्या अधिक होने के कारण यह मॉडल यहां सफल रहेगा।

––साउंड बाइट––

——————————————————————————————————————

इधर, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने श्री चौहान से प्रदेश के कृषि क्षेत्र में आदर्श केन्द्र की स्थापना का आग्रह किया। पटना में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने श्री चौहान से बक्सर और लखीसराय में टमाटर तथा प्याज के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना का आग्रह किया।

——————————————————————————————————————

मद्य निषेध, कारा और परिवहन विभाग में सिपाही तथा कक्षपाल की नियुक्ति के लिए आज दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गयी। केन्द्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती से प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा के लिए प्रदेशभर में पांच सौ चौवालीस केन्द्र बनाये गये थे। इधर, रेलवे ने अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आज पच्चीस विशेष ट्रेनों के संचालन की व्यवस्था की है। ये ट्रेनें पटना, बक्सर, गया, सोनपुर, सहरसा, मधुबनी और बेतिया समेत विभिन्न स्टेशनों से परिचालित की जा रही है। रेल प्रशासन ने अभ्यर्थियों से समय से पहले स्टेशन पहुंचने और निर्धारित ट्रेनों का उपयोग करने की अपील की है।

——————————————————————————————————————

रेलवे ने मीडिया में प्रसारित उन खबरों को निराधार बताया है जिनमें पाटलिपुत्र स्टेशन पर ट्रेन में सवार एक छात्र की मौत की बात कही गई है। भारतीय रेलवे ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि वीडियो में दिखाई देने वाला व्यक्ति किसी स्वास्थ्य समस्या या थकान से ग्रस्त प्रतीत हो रहा है। रेलवे के अनुसार सभी रिकॉर्ड की जांच कर ली गई है और पाटलिपुत्र स्टेशन पर ऐसी कोई घटना नहीं हुई है।

——————————————————————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने आगामी नीट परीक्षा को देखते हुए विद्यार्थियों और अभिभावकों को घोटालेबाज़ों से सावधान रहने का अनुरोध किया है। एनटीए के महानिदेशक अभिषेक सिंह ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षा बिना किसी गड़बड़ी के संपन्न हो।

——सांउड बाइट——

एनटीए यह पक्का करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है कि कोई भी गड़बड़ी न हो। हर प्रश्न–पत्र और उसमें शामिल हर सवाल को पूरी तरह सुरक्षित तरीके से तैयार किया गया है। हमने सामान्य सुरक्षा उपायों के अलावा अतिरिक्त सुरक्षा इंतजाम भी किए हैं। एनटीए ने कई एजेंसियों की मदद ली है और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षा बिना किसी गड़बड़ी के संपन्न हो।

———————————————————————————

प्रदेश में मानसून की सक्रियता में कमी आने से एक जून से अब तक सामान्य से बत्तीस प्रतिशत कम बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आने वाली मानसून की दोनों शाखाएं कमजोर हैं। बारिश की कमी के कारण पटना समेत सात जिलों में तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान बयालीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ कैमूर का भभुआ लगातार दूसरे दिन राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। बक्सर का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव पांच, डेहरी का इकतालीस, गयाजी का चालीस दशमलव सात, शेखपुरा का चालीस दशमलव छह, औरंगाबाद का चालीस दशमलव पांच, पटना का चालीस दशमलव चार और छपरा का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस बीच, मौसम विभाग ने अगले दो से तीन घंटों के दौरान अररिया, कैमूर, रोहतास, सुपौल, पूर्णिया, भागलपुर और मधेपुरा जिले के कुछ स्थानों पर आंधी–बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है।

———————————————————————————

प्रदेश के तेरह महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र दो हजार छब्बीस–सत्ताईस से अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम–एईडीपी की शुरूआत हो रही है। राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह की अध्यक्षता में इस संबंध में आज पटना में बैठक हुई। बैठक में पांच विश्वविद्यालयों के कुल सचिव तथा तेरह महाविद्यालयों के प्राधानाचार्य मौजूद रहे। सेंटर फॉर रिसर्च इन स्कीम्स एंड पॉलिसिज, हैदराबाद के संस्थापक सदस्य आर.एस. जुलानिया ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत उच्च शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए इस पाठ्यक्रम को शुरू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस पाठ्यक्रम के लिए चयनित महाविद्यालयों में सात विषय चुने गए हैं।

––साउंड बाइट––

———————————————————————————

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने गया को खेल अवसंरचना और प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र बनाने के लिए तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। खेल विभाग के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में श्री कुमार ने गया जिले तथा मगध प्रमंडल में खेल अवसंरचना के विकास, खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और खेल सुविधाओं के विस्तार की

जानकारी ली। इस बैठक में खेल मंत्री श्रेयसी सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

———————————————————————

शिवहर जिले के पुलिस लाईन में आज प्रशिक्षु सिपाहियों के लिए दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन किया गया। इसके साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले दो सौ आठ आरक्षी सिपाही बिहार पुलिस में औपचारिक रूप से शामिल हो गये। इस दौरान तिरहुत प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक चंदन कुशवाहा, जिलाधिकारी प्रतिभा रानी और पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा ने दीक्षांत परेड की सलामी ली। साथ ही सभी आरक्षियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

———————————————————————

मुंगेर जिले के असरगंज थाना क्षेत्र के मसूदानपुर कमराय में दो पक्षों के बीच हुए विवाद में पंद्रह लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र में सात वर्षीय बच्चे के अपहरण और हत्या के मामले में स्थानीय अदालत ने आरोपी बिभोर कुमार उर्फ अंकुर कुमार को आजीवन कारावास और दस हजार रुपये का जुर्माना की सजा सुनाई है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. राज्य मंत्रिमंडल ने बिहार हेली–टूरिज्म और एयर–टूरिज्म सेवा योजना को मंजूरी दी। पटना, राजगीर, मां मुंडेश्वरी और वाल्मीकिनगर भ्रमण के लिए उपलब्ध होगी हवाई सेवा।

02 मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – केंद्र सरकार के सहयोग से मनरेगा की सभी लंबित राशि का भुगतान तीस जून से पहले सुनिश्चित कर दिया जायेगा।

03. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पटना जिले के नौबतपुर में खेत बचाओ अभियान का किया शुभारंभ।

04. और, मद्य निषेध, कारा और परिवहन विभाग में सिपाही तथा कक्षपाल की नियुक्ति के लिए आयोजित परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।